भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2728

जिसका उत्तर 22.12.2022 को दिया जाना है

सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग

2728. सुश्री सुनीता दुग्गल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास 2023 में वाहन स्क्रैप पॉलिसी लागू होने के बाद नष्ट किए जाने वाले सरकारी वाहनों की अनुमानित संख्या के आंकड़े है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त वाहनों के प्रतिस्थापन के लिए राजकोष लागत की जांच करने के लिए कोई सर्वेक्षण/अध्ययन किया है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का ऐसे प्रतिस्थापन वाहनों का अधिग्रहण करने का विचार है जो इलेक्ट्रिक भी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सा.का.नि 845 (अ) दिनांकित 24 नवंबर 2022 के तहत एक अधिसूचना जारी की है, जिसमें उन सभी सरकारी वाहनों के पंजीकरण के नवीनीकरण पर रोक लगा दी गई है, जो 15 साल पुराने हैं। स्कैप किए जाने वाले संभावित सरकारी वाहनों की संख्या लगभग 1.28 लाख है।

(ग) इस मुद्दे पर निर्णय सरकार के विभिन्न विभागों के पास है।

*****